>

Title: Need to provide stoppage of important trains at railway stations at Hinganghat, Chandur, Dhamangaon and Sindhi in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): मैं सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि मैं गत तीन वर्षों से लगातार विदर्भ तथा मेरे संसदीय क्षेत्र को नई रेलगाड़ियों और कुछ रेलगाड़ियों के स्टॉपेज की मांगें आदरणीय रेलमंत्री जी के सामने रखता आया हूं, किंतु मेरी एक भी मांग पूरी नहीं हुई है।

मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा (महाराष्ट्र) में तीन बड़े शहर हैं हिंगनघाट, चांदूर और धामनगांव जहां से पूर्व-पश्चिम और दक्षिण-उत्तर जाने वाली सभी रेलगाड़ियां गुजरती हैं। लेकिन प्रमुख रेलगाड़ियों का इन शहरों में स्टॉपेज नहीं होने के कारण इस इलाके के रेल यात्रियों को असुविधा हो रही है। रेलगाड़ियां होने के बावजूद यहां के प्रवासियों को उनका कोई उपयोग नहीं है। इसलिए मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि हिंगनघाट शहर जो दो लाख बस्ती का शहर है और प्रतिदिन हजारों प्रवासी यहां से आवागमन करते हैं, में नागपुर-सिकन्दराबाद 12771-12772, जयपुर एक्सप्रेस, मद्रास-जोधपुर एक्सप्रेस और सिकन्दराबाद-बीकानेर एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टॉपेज दिए जाएं।

चांदूर और धामणगांव के रेलयात्रियों की बहुत पुरानी मांग है कि हजरत निजामुद्दीन-गोंडवाना एक्सप्रेस, अमरावती नागपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा जबलपुर एक्सप्रेस आदि गाड़ियों के स्टॉपेज उन्हें मिले।

सिंदी एक बड़ा रेल स्टेशन है। नागपुर-अमरावती इंटरसिटी एक्सप्रेस और अमरावती-नागपुर गाड़ियों का सिंदी स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं है। यहां से प्रतिदिन सैंकड़ों लोग और छात्र-छात्राएं वर्धा और नागपुर आना-जाना करते हैं। अगर रेल मंत्रालय उन पर निर्देशित स्टॉपेज देता है तो भारतीय रेल को लाखों रूपये की आमदनी भी होगी और यात्रियों को सुविधा भी होगी।

मैंने स्वयं यह बात सभागृह में दो बार रखी है, लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। आशा है आप मेरी उपरोक्त मांगों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए निर्देश देंगी।